**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3548**

**उत्तर देने की तारीख : 10.08.2023**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर विमुद्रीकरण और जीएसटी का प्रभाव**

**3548. सुश्री एस. ज्योतिमणि:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के विकास पर विमुद्रीकरण और जीएसटी का नकारात्मक प्रभाव पड़ा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि विगत तीन वर्षों के दौरान अनेक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम बंद हो गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान बंद किए गए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ड.) तमिलनाडु में बंद किए गए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(च) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के बंद होने से देश में विशेषकर तमिलनाडु राज्य में रोजगार दर पर क्या प्रभाव पड़ा है; और

(छ) क्या सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठा रही है कि विशेषकर तमिलनाडु राज्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों का विकास जारी रहे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**

**(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)**

(क) और (ख) : एमएसएमई मंत्रालय ने एमएसएमई क्षेत्र की वृद्धि पर विमुद्रीकरण और जीएसटी के प्रभाव का कोई स्वतंत्र आकलन नहीं किया है। वास्तव में, एमएसएमई क्षेत्र ने कोविड-19 व्यवधानों के बावजूद जीएसटी वृद्धि के मामले में लचीलापन दिखाया है, जैसा कि नीचे दी गई तालिका से देखा जा सकता है:

| **आकृति IX.10: वित्त वर्ष 22 में एमएसएमई द्वारा किया गया जीएसटी भुगतान (लाख करोड़ रुपए में) महामारी पूर्व स्तर को पार कर गया है** | | | |
|---|---|---|---|
| | **सूक्ष्म** | **लघु** | **मध्यम** |
| वित्त वर्ष 19 | 2.1 | 0.8 | 1.8 |
| वित्त वर्ष 20 | 2.2 | 0.9 | 1.9 |
| वित्त वर्ष 21 | 2.0 | 0.9 | 1.8 |
| वित्त वर्ष 22 | 2.3 | 1.0 | 2.0 |
| स्रोत: आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 | | | |

(ग) : उद्यम पंजीकरण पोर्टलके अनुसार, दिनांक 01.07.2020 से दिनांक 31.03.2023 तक के दौरान बंद हुए/अक्रियाशील हुए एमएसएमई की कुल संख्या निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **बंद हुए/अक्रियाशील हुए एमएसएमई की संख्या (31.03.2023 तक)** |
|---|---|
| 01.07.2020 से 31.03.2021 | 175 |
| 01.04.2021 से 31.03.2022 | 6,222 |
| 01.04.2022 से 31.03.2023 | 13,290 |
| **कुल** | **19,687** |

(घ) : विगत तीन वर्षों के दौरान बंद हुए/अक्रियाशील हुए एमएसएमई का राज्य और वर्ष-वार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

(ङ.) : तमिलनाडु में बंद हुए/अक्रियाशील हुए एमएसएमई का जिला-वार विवरण अनुबंध-II में दिया गया है।

(च) : दिनांक 01.07.2020 को शुरु हुए उद्यम पंजीकरण पोर्टल के अनुसार, दिनांक 01.07.2020 से दिनांक 31.03.2023 तक के दौरान बंद हुए/अक्रियाशील हुए एमएसएमई की संख्या 19,687 थी और इन एमएसएमई में कार्यरत व्यक्तियों की संख्या 1,34,078 थी। इसी अवधि के दौरान 4,37,72,890 रोजगार के साथ 71,12,910 नए एमएसएमई उद्यम पंजीकरण पोर्टल पर शामिल और पंजीकृत हुए।

इसी अवधि के दौरान तमिलनाडु में दिनांक 01.07.2020 से दिनांक 31.03.2023 तक के दौरान बंद हुए/अक्रियाशील हुए एमएसएमई की संख्या 2,493 थी और इन एमएसएमई में 12,132 व्यक्ति कार्यरत थे। इसी अवधि के दौरान 43,19,187 रोजगार के साथ 7,23,522 नए एमएसएमई उद्यम पंजीकरण पोर्टल पर पंजीकृत और शामिल हुए ।

(छ) एमएसएमई मंत्रालय तमिलनाडु राज्य सहित अखिल भारतीय आधार पर देश में एमएसएमई क्षेत्र की वृद्धि और विकास के लिए कई स्कीमें और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करता है। इन स्कीमों/कार्यक्रमों में अन्य बातों के साथ-साथ प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम, सूक्ष्म और लघु उद्यम-क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी), एमएसएमई चैंपियंस, उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी), खरीद और विपणन सहायता स्कीम (पीएमएसएस) और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हब (एनएसएसएच) शामिल हैं।

*****

**अनुबंध- I**

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3548 जिसका उत्तर दिनांक 10.08.2023 को दिया जाना है, के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

**उद्यम की शुरुआत से दिनांक 31/03/2023 तक उद्यम के तहत बंद हुए/अक्रियाशील हुए कुल एमएसएमई और रोजगार का राज्य-वार विवरण**

| क्र.सं. | राज्य | 2020-21 (01/07/2020 - 31/03/2021) | | 2021-22 | | 2022-23 | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल एमएसएमई | कुल रोजगार | कुल एमएसएमई | कुल रोजगार | कुल एमएसएमई | कुल रोजगार | कुल एमएसएमई | कुल रोजगार |
| 1 | आंध्र प्रदेश | - | - | 113 | 523 | 261 | 1,652 | **374** | **2,175** |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | - | - | - | - | 1 | 4 | **1** | **4** |
| 3 | असम | - | - | 8 | 89 | 28 | 123 | **36** | **212** |
| 4 | बिहार | 18 | 65 | 541 | 2,938 | 547 | 3,001 | **1,106** | **6,004** |
| 5 | छतीसगढ | 4 | 27 | 64 | 340 | 134 | 583 | **202** | **950** |
| 6 | गोवा | 3 | 4 | 5 | 10 | 17 | 38 | **25** | **52** |
| 7 | गुजरात | 67 | 302 | 492 | 2,632 | 1,074 | 4,843 | **1,633** | **7,777** |
| 8 | हरियाणा | 16 | 40 | 151 | 731 | 404 | 1,921 | **571** | **2,692** |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 2 | 7 | 8 | 32 | 86 | 633 | **96** | **672** |
| 10 | झारखंड | - | - | 134 | 719 | 251 | 1,829 | **385** | **2,548** |
| 11 | कर्नाटक | 4 | 8 | 272 | 1,295 | 534 | 4,205 | **810** | **5,508** |
| 12 | केरल | 2 | 5 | 137 | 563 | 339 | 1,181 | **478** | **1,749** |
| 13 | मध्य प्रदेश | 1 | 3 | 112 | 514 | 548 | 2,356 | **661** | **2,873** |
| 14 | महाराष्ट्र | 3 | 12 | 1,831 | 8,733 | 3,276 | 14,313 | **5,110** | **23,058** |
| 15 | मणिपुर | - | - | - | - | 62 | 478 | **62** | **478** |
| 16 | मेघालय | - | - | 1 | 45 | 1 | 1 | **2** | **46** |
| 17 | मिजोरम | - | - | 1 | 4 | 2 | 26 | **3** | **30** |
| 18 | नागालैंड | - | - | 1 | 1 | 5 | 34 | **6** | **35** |
| 19 | ओडिशा | 1 | 1 | 118 | 2,912 | 212 | 1,170 | **331** | **4,083** |
| 20 | पंजाब | - | - | 208 | 789 | 88 | 1,189 | **296** | **1,978** |
| 21 | राजस्थान | 11 | 51 | 312 | 1,294 | 1,068 | 9,021 | **1,391** | **10,366** |
| 22 | सिक्किम | - | - | - | - | 1 | 6 | **1** | **6** |
| 23 | तमिलनाडु | 2 | 4 | 591 | 2,571 | 1,900 | 9,557 | **2,493** | **12,132** |
| 24 | तेलंगाना | 2 | 10 | 128 | 10,749 | 102 | 569 | **232** | **11,328** |
| 25 | त्रिपुरा | - | - | 8 | 23 | 6 | 89 | **14** | **112** |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 20 | 86 | 494 | 2,536 | 1,110 | 17,451 | **1,624** | **20,073** |
| 27 | उत्तराखंड | 1 | 3 | 32 | 143 | 202 | 5,908 | **235** | **6,054** |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 17 | 94 | 153 | 757 | 363 | 2,409 | **533** | **3,260** |
| 29 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | - | - | 9 | 28 | 12 | 40 | **21** | **68** |
| 30 | चंडीगढ़ | 1 | 2 | 21 | 88 | 8 | 43 | **30** | **133** |
| 31 | दिल्ली | - | - | 210 | 1,097 | 470 | 5,079 | **680** | **6,176** |
| 32 | जम्मू और कश्मीर | - | - | 51 | 192 | 121 | 483 | **172** | **675** |
| 33 | लद्दाख | - | - | 1 | 2 | 2 | 4 | **3** | **6** |
| 34 | लक्षद्वीप | - | - | - | - | - | - | **-** | **-** |
| 35 | पुडुचेरी | - | - | 8 | 247 | 39 | 298 | **47** | **545** |
| 36 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | - | - | 7 | 65 | 16 | 155 | **23** | **220** |
| **कुल:-** | | **175** | **724** | **6,222** | **42,662** | **13,290** | **90,692** | **19,687** | **134,078** |

**रिपोर्ट की तिथि:- 08/08/2023 08:05 बजे सांय**

**अनुबंध- II**

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3548 जिसका उत्तर दिनांक 10.08.2023 को दिया जाना है, के भाग (च) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

| **तमिलनाडु राज्य के लिए उद्यम की शुरुआत से दिनांक 31/03/2023 तक उद्यम के तहत बंद हुए/अक्रियाशील हुए कुल एमएसएमई और रोजगार का जिला-वार विवरण** | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **जिला** | **कुल एमएसएमई** | **रोजगार** |
| 1 | अरियालूर | 18 | 78 |
| 2 | चेंगलपट्टू | 50 | 302 |
| 3 | चेन्नई | 530 | 2,654 |
| 4 | कोयंबटूर | 257 | 1,182 |
| 5 | कुड्डालोर | 69 | 397 |
| 6 | धर्मपुरी | 28 | 126 |
| 7 | डिंडीगुल | 51 | 272 |
| 8 | इरोड | 78 | 399 |
| 9 | कल्लाकुरिची | 7 | 28 |
| 10 | कांचीपुरम | 162 | 670 |
| 11 | कन्याकुमारी | 72 | 260 |
| 12 | करूर | 15 | 60 |
| 13 | कृष्णागिरी | 47 | 285 |
| 14 | मदुरै | 107 | 479 |
| 15 | माइलाथुरई | 12 | 57 |
| 16 | नागपट्टिनम | 15 | 49 |
| 17 | नमक्कल | 56 | 380 |
| 18 | पेरम्बलूर | 7 | 23 |
| 19 | पुदुक्कोट्टई | 16 | 45 |
| 20 | रामनाथपुरम | 20 | 106 |
| 21 | रानीपेट | 11 | 61 |
| 22 | सलेम | 90 | 513 |
| 23 | शिवगंगा | 15 | 77 |
| 24 | तेनकासी | 19 | 102 |
| 25 | तंजावुर | 46 | 232 |
| 26 | नीलगिरिश | 15 | 41 |
| 27 | थेनी | 34 | 121 |
| 28 | तिरुवल्लुर | 137 | 520 |
| 29 | थिरुवरुर | 12 | 51 |
| 30 | तिरुचिरापल्ली | 64 | 301 |
| 31 | तिरुनेलवेली | 51 | 207 |
| 32 | तिरुपथुर | 2 | 7 |
| 33 | तिरुपूर | 126 | 834 |
| 34 | तिरुवन्नामलाई | 42 | 229 |
| 35 | तूतीकोरिन | 44 | 197 |
| 36 | वेल्लोर | 58 | 246 |
| 37 | विल्लुपुरम | 45 | 243 |
| 38 | विरुधुनगर | 65 | 298 |
| | **कुल:-** | **2,493** | **12,132** |
| **रिपोर्ट की तिथि:- 08/08/2023 08:05 बजे सांय** | | | |